## संपादकीय

# सुधार की धार

हाल ही में संसद में पेश की गई कैग की रिपोर्ट में रेलवे की जो खस्ता हालत तस्वीर उभरी है, उसने देशवासियों को चिंतित ही किया है। संभवत: उसी आलोक में केंद्र सरकार ने रेलवे के प्रबंधन में आमूलचूल परिवर्तन का मन बनाया है। कहा जा रहा है कि इस परिवर्तन से विभिन्न विभागों में टकराव के कारण रेलवे की जो गति मंथर हो रही थी, उस पर विराम लगेगा। नि:संदेह पारदर्शी व्यवस्था, विकास को गति और रेलवे को लाभदायक बनाने के लिये बड़े बदलाव अपरिहार्य थे। विडंबना रही है कि राजनीति साधने के अस्त्र बने रेलवे के लिये ऐसी सिफारिशें कई कमेटियों ने की, मगर सरकारों की दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव में परिणाम वही ढाक के तीन पात ही रहे। इसकी एक वजह विभिन्न विभागों में जारी वर्चस्व की लड़ाई भी रही है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में रेलवे के आठ विभागों का विलय करके इंडियन रेलवे मैनेजमेंट सर्विस के गठन का फैसला किया गया है। वहीं बोर्ड में सीईओ जैसे चेयरमैन के अतिरिक्त सिर्फ चार कार्यकारी सदस्य ही होंगे जो परिसंचालन, कारोबार संवर्धन, मानव संसाधन, संरचनात्मक तथा वित्तीय मामलों का दायित्व संभालेंगे। इसके अतिरिक्त रेलवे बोर्ड में तीस वर्ष का अनुभव रखने वाले वित्त, प्रबंधन व उद्योग से जुड़े रहे निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। सरकार का मानना है कि रेलवे में अधिकारियों के विभिन्न संवर्गों में तनातनी के चलते समय पर फैसले न होने से रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का विकास कार्य अवरुद्ध हो रहा था। वहीं विशेषज्ञ विभागों को मिलाने से नई तरह की जटिलताओं को लेकर चिंता जताते हैं और विगत के अनुभवों खासकर एयर इंडिया व इंडियन एयरलाइंस को मिलाने के घातक परिणामों का उदाहरण देते हैं। दरअसल, ऐसे बदलावों से पुराने विभागों के अधिकारियों की वरिष्ठता के अंतर्विरोध सामने आने के खतरे बराबर बने रहते हैं।

बहरहाल, इसके बावजूद एशिया की सबसे बड़ी रेलवे सेवा और दुनिया में सबसे बड़ी सेवायोजक भारतीय रेलवे पर इन बदलावों के पड़ने वाले प्रभावों का गंभीर अध्ययन किया जाना चाहिए। देश इस समय कई दशकों की सबसे बड़ी बेरोजगारी से जूझ रहा है। यद्यपि दूरगामी प्रभावी वाले निर्णयों का स्वागत ही किया जाना चाहिए। वहीं आम आदमी का सफर कहे जाने वाले रेलवे की गुणवत्ता में सुधार के साथ ही यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि गरीब आदमी की जेब पर बड़ा असर न पड़े। कुछ लोग इन बदलावों को निजीकरण की दिशा मे उठाये गये कदमों के रूप में दर्शाने का प्रयास भी कर रहे हैं। हो सकता है कि बदलाव के विरोध में कर्मचारी संगठनों की सुगबुगाहट भी सामने आए। लेकिन अंग्रेजों के जमाने में बनाये गए ढांचे में बदलाव अवश्यंभावी था। कहीं न कहीं इसके ढांचे में उसकी विसंगतियां मौजूद थीं। लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जवाबदेही और सुविधाओं में गुणात्मकता का जो ज़ज्बा होना चाहिए था, वो कम ही नजर आता रहा है। विडंबना यह रही है कि विगत पच्चीस वर्षों में रेलवे में सुधार के लिये जो प्रकाश टंडन समिति (1994), राकेश मोहन समिति (2001), सैम पित्रोदा समिति (2012) और देबरॉय समिति (2015) बनी, उनकी सिफारिशों के अमल की इच्छाशक्ति सरकारों ने नहीं दिखायी। इन सभी ने रेलवे के एकीकरण की मंशा जतायी थी। अब इस दिशा में मोदी सरकार बढ़ी है तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए। मगर साथ ही इससे उपजने वाले नकारात्मक प्रभावों से निपटने के लिये हमें तैयार रहना चाहिए। इसके साथ ही रेलवे के कामधेनु से सफेद हाथी बनने के कारणों की व्यापक पड़ताल की जानी चाहिए। इतना ही नहीं, घाटे में चल रही अन्य सरकारी कंपनियों को भी चुस्त-दुरुस्त बनाने की दिशा में कदम उठाने की तुरंत आवश्यकता है। साथ ही यह भी जरूरी है कि रेलवे का नया ढांचा राजनीतिक हित साधने का साधन न बने। यह संस्थान जनकल्याण का साधन कैसे बने, यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बहरहाल, गुणवत्ता व सुरक्षित सफर रेलवे की कसौटी होनी चाहिए।

# हवाई सफर हो सकता है महँगा, विमान ईंधन के दाम बढ़े

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नये साल में रेल भाड़ा बढ़ने के बाद हवाई सफर भी महँगा होने की आशंका है क्योंकि विमान ईंधन के दाम ढाई प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुँच गये हैं। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत आज से 1,637.25 रुपये यानी 2.61 प्रतिशत बढ़कर 64,323.76 रुपये प्रति किलोलीटर पर पहुँच गयी। यह जून 2019 के बाद का उच्चतम स्तर है। इससे पहले दिसंबर में इसकी कीमत 62,686.51 रुपये प्रति किलोलीटर थी।



तेल विपणन कंपनियाँ मासिक आधार पर विमान ईंधन के दाम की समीक्षा करती हैं और हर महीने की एक तारीख से नयी कीमत लागू होती है। कोलकाता में विमान ईंधन आज से 1,776 रुपये यानी 2.58 प्रतिशत महँगा होकर 70,588.61 रुपये प्रति किलोलीटर पर पहुँच गया। मुंबई में जनवरी महीने के लिए इसका मूल्य 64,529.79 रुपये तय किया गया है और इस प्रकार इसमें 2.73 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। चेन्नई में 2.80 प्रतिशत की कीमत वृद्धि के साथ एक किलोलीटर विमान ईंधन 65,619.95 रुपये का हो गया है।

# दिसंबर में जीएसटी वसूली एक लाख करोड़ के पार




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कर वसूली लगातार दूसरे दिसंबर..2019 में एक लाख तीन हजार 492करोड़ रुपए रही। जीएसटी से दिसंबर..2018 में जीएसटी वसूली 97 लाख 276 करोड़ रुपए थी । इस वर्ष जीएसटी वसूली एक लाख तीन हजार 492 करोड़ रुपए रही । सरकारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर..19 में जीएसटी से कुल एक लाख तीन हजार 184 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई । इसमें सीजीएसटी 19962 करोड़ रुपए , एसजीएसटी 26792 करोड़ रुपए , आईजीएसटी 48099 करोड़ रुपए थी।

आईजीएसटी से प्राप्त राशि में 21295 करोड़ रुपए की प्राप्ति आयात होने वाली वस्तुओं के शुल्क से हुई । उपकर के रुप में 8331 करोड़ रुपए वसूली हुई जिसमें 847 करोड़ रुपए आयात की मद से हुए ।

## सचिन ने विकलांग बच्चों का वीडियो साझा कर फैन्स को किया भावुक



**नईदिल्ली ।** दिग्गज बल्लेबाज़ सचिन तेंदुलकर ने वर्ष 2020 की शुरूआत एक भावनात्मक वीडियो साझा कर की है और साथ ही अपने प्रशंसकों से भी इसे देखकर प्रेरणा लेने के लिये आग्रह किया है। सचिन ने सोशल साइट पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें एक विकलांग बच्चा, बिना पैरों के भी विकेट के बीच तेज़ी से फील्डिंग कर रहा है। बच्चों के इस वीडियो को नववर्ष पर साझा कर मास्टर ब्लास्टर ने लिखा, अपने 2020 की शुरूआत इस प्रेरणादायक वीडियो से कीजिये जिसमें यह बच्चा मादा राम अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहे हैं। इसने मेरे दिल को पिघला दिया और उम्मीद है कि इसने आपके दिल को भी पिघलाया होगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर के इस वीडियो को साझा करने के बाद ही सोशल मीडिया पर प्रशंसक इसे काफी तेज़ी से साझा भी कर रहे हैं।

## बेंगलुरु एफसी ने जमैका के फारवर्ड डेशोर्न ब्राउन से अनुबंध किया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी ने बुधवार को जमैका के अंतरराष्ट्रीय फुटबालर डेशोर्न ब्राउन को 2020-21 सत्र के आखिर तक के लिये अनुबंधित किया। ब्राउन अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी हैं जिससे बेंगलुरु एफसी का आक्रमण मजबूत होगा। यह टीम आईएसएल में दस दौर के बाद तीसरे नंबर पर चल रही है। बेंगलुरु एफसी के मुख्य कोच कार्लेस कुआड्राट ने कहा, ''हमारे पास सातवें विदेशी खिलाड़ी को अनुबंधित करने का विकल्प था और हमें लगा कि इसका उपयोग करने का यह सही समय है। डेशोर्न के आने से हमारे पास आक्रमण में अधिक विकल्प रहेंगे।

## महंगा हुआ घरेलू रसोई गैस सिलिंडर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नए साल में एक जनवरी 2020 से रसोई गैस सिलिंडर की कीमत में बढ़ोतरी हो गई है। लगातार चौथे महीने रसोई गैस के दाम में इजाफा हुआ है, जिससे आम आदमी को झटका लगा है। देश के प्रमुख महानगरों में बिना-सब्सिडी वाला गैस सिलिंडर करीब 19.00 रुपये महंगा हुआ है।



आज से दिल्ली में 14.2 किलो के बिना सब्सिडी वाले सिलिंडर के लिए आपको 714.00 रुपये चुकाने पड़ेंगे। कोलकाता में इसका दाम 747 रुपये है। वहीं मुंबई और चेन्नई में 14.2 किलो के बिना सब्सिडी वाले सिलिंडर का दाम क्रमशः 684.50 और 734.00 रुपये है। वहीं, 19 किलोग्राम सिलिंडर की कीमत दिल्ली में 1241 रुपये हो गई है। कोलकाता में 1308 रुपये, मुंबई में 1190 रुपये और चेन्नई में इसका दाम 1363 रुपये हो गया है।

दिसंबर में दिल्ली में 14.2 किलो के बिना सब्सिडी वाले सिलिंडर के लिए आपको 695.00 रुपये चुकाने पड़ते थे। कोलकाता में इसका दाम 725.50 रुपये था। वहीं मुंबई और चेन्नई में 14.2 किलो के बिना सब्सिडी वाले सिलिंडर का दाम क्रमशः 665.00 और 714.00 रुपये था।

# टेस्ट में कोहली कप्तान, धोनी को वनडे और टी-20 की कमान

### » ईएसपीएन क्रिकइंफो ने दशक की टीम चुनी




**नईदिल्ली।** भारतीय कप्तान विराट कोहली को ईएसपीएन क्रिकइंफो ने दशक की अपनी तीनों टेस्ट, वनडे और टी-20 टीमों में शामिल किया है जबकि विश्व कप विजेता कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को वनडे और टी-20 टीमों में जगह दी गई है। भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान बन चुके विराट को क्रिकइंफो ने दशक की अपनी टेस्ट एकादश में जगह दी है। इस टेस्ट एकादश में भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भी शामिल किया गया है। इन टीमों का चयन क्रिकइंफो के 23 सदस्यीय पैनल ने किया।

दशक की वनडे टीम में तीन भारतीयों विराट, ओपनर रोहित शर्मा और विकेटकीपर बल्लेबाज धोनी को जगह दी गयी है जबकि दशक की टी-20 टीम में विराट, धोनी और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को जगह मिली है। दशक की महिला टीम में भारत की सबसे अनुभवी बल्लेबाज मिताली राज और तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को शामिल किया गया है।

## अजय देवगन ने बताया, तानाजी के बाद एक और ऐतिहासिक फिल्म में दिखेंगे



जल्द ही अजय देवगन की हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म तानाजीः द अनसंग वॉरियर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में वह मराठी योद्धा तानाजी मालसुरे के किरदार में नजर आएंगे। हालांकि यह इकलौती ऐसी फिल्म नहीं होगी जिसमें अजय ऐतिहासिक किरदार निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद वह एक अन्य फिल्म भी किसी ऐतिहासिक किरदार पर बनाने जा रहे हैं।

अजय देवगन ने बताया कि वह तानाजी के मेकर्स के साथ अन्य ऐसे योद्धाओं पर फिल्म बनाने की योजना तैयार कर रहे हैं जिनका इतिहास में कहीं जिक्र नहीं किया गया है। उन्होने कहा, हम अपने इतिहास के गुमनाम वीर योद्धाओं पर फ्रैंचाइज तैयार करेंगे। डायरेक्टर ओम राउत मेरे पास तानाजी मालसुरे की स्टोरी लेकर आए थे। इस फ्रैंचाइज को तैयार करने के लिए यह एक बेहतरीन कहानी है। ये कहानियां इन गुमनाम वीर योद्धाओं के राज्यों के बारे में होंगी। और ये राज्य केवल भारत के नहीं बल्कि पूरी दुनिया के होंगे।

अजय ने इस बारे में बात करते हुए कुछ किरदारों के भी नाम लिए जिनपर उन्होंने भविष्य में फिल्म बनाने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा, हमने कुछ नाम शॉर्टलिस्ट किए हैं लेकिन सबसे पहले हम अगली फिल्म राजा सुहेलदेव के ऊपर बनाएंगे। सुहेलदेव ने 11वीं सदी में मोहम्मद गजनी की सेना को बहराइच (उत्तर प्रदेश) में हराया था।

## आज का राशिफल

मेषः- क्योंकि आपको दूसरों की मदद करने से सकून मिलता है इसलिए आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं।

वृषभः- भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। सांयकाल के समय किसी प्रिय अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है।

मिथुनः- पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें।

कर्कः- राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का धनुः- में होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा।

सिंहः- राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, रुका हुआ कार्य भी संपन्न होगा।

कन्याः- आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। कार्यक्षेत्र में विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें।

तुलाः- आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नये स्रोत बनेंगे। वाकपटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ विशेष रहेगी।

वृश्चिकः- आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति की वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा-प्रियजनों से भेंट होगी।

धनुः- आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है।

मकरः- आज व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

कुंभः- राशि स्वामी शनि की मध्यम स्थिति के कारण पत्नी को अकस्मात् शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है।

मीनः- आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा।

# नेपाल वकेशन पर मल्लिका शेरावत ने खेत में रीक्रिएट किया डीडीएलजे मोमेंट

बॉलिवुड सिलेब्स नए साल का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। ज्यादातर सिलेब्स अपने फेवरिट डेस्टिनेशन्स पर पहुंच रहे हैं और वहां की तस्वीरें और विडियोज फैंस के साथ शेयर कर रहे हैं।

ऐक्ट्रेस मल्लिका शेरावत भले ही फिल्मों से अभी दूर हों लेकिन सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और फैंस के साथ स्टनिंग तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।

अब ऐक्ट्रेस का लेटेस्ट विडियो लोगों का ध्यान खींच रहा है। इस विडियो में वह नेपाल के खेत में टहलते नजर आ रही हैं। इस विडियो को उन्होंने फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे के आइकॉनिक सीन से जोड़ा।

मलाइका ने लिखा, मेरा डीडीएलजे मोमेंट, सरसों के खेत के इर्द-गिर्द घूमना बेहद मजेदार था।



सिलेब्स के नए साल के प्लान पर बात करें तो अनुष्का शर्मा, विराट कोहली, वरुण धवन और उनकी गर्लफ्रेंड नताशा दलाल, करीना कपूर खान, सैफ अली खान, करिश्मा कपूर जैसे सिलेब्स स्विट्जरलैंड में वकेशन इंजॉय कर रहे हैं, वहीं अनिल कपूर और फैमिली इस खास मौके को सेलिब्रेट करने रोम, इटली पहुंची है। दूसरी तरफ आयुष्मान खुरान अपनी फैमिली के साथ बहामास तो अक्षय कुमार परिवार के साथ साउथ अफ्रीका में सेलिब्रेशन कर रहे हैं।

## कबीर सिंह जैसा किरदार पर्दे पर निभाना चाहती हैं जाह्नवी कपूर



पहली फिल्म धड़क के बाद जाह्नवी कपूर के पास जो फिल्म प्रॉजेक्ट्स हैं वे उनकी ऐक्टिंग की काबिलियत की परीक्षा जरूर लेंगे। दर्शकों को हर फिल्म में उनका नया रूप देखने को मिलेगा जो उनकी ऐक्टिंग वैरायटी को भी शो करेगा। वैसे किसी खास रोल को निभाने की बात आए तो इसके लिए जाह्नवी कबीर सिंह को चुनेंगी। जाह्नवी ने कहा कि वह कबीर सिंह और जोकर के किरदार के फीमेल वर्जन को प्ले करना चाहती हैं, जो महिलाओं की बंधी-बंधाई इमेज से हटकर पर्दे पर पेश करेगा। कबीर सिंह को लेकर हुई कॉन्ट्रोवर्सी पर भी जाह्नवी ने रिऐक्शन दिया कि उन्होंने मूवी देखी है और उन्हें इस बात का अहसास है लोगों ने इस पर चिंता और गुस्सा क्यों जाहिर किया था।

## लाजवाब 'बाकरखानी' बनाने की विधि



**सामग्री :**

डेढ़ किलो मैदा, 400 ग्राम चीनी, 50 ग्राम केवड़ा, 400 मिलीलीटर दूध, 15 ग्राम यीस्ट, 5 ग्राम नमक, 150 ग्राम मिक्स्ड फ्राई फ्रूट्स (सेब और अनानास को बारीक टुकड़ों में काटकर तेल में तल लें), 10 ग्राम कलौंजी, 10 ग्राम सौंफ, 10 ग्राम सफेद तिल, 10 ग्राम मगज, 10 ग्राम बारीक कटा नारियल

**विधि :**

बड़े बाउल में सारी सामग्री मिलाकर मुलायम आटा गूंथ लें। कपड़े से ढ़ककर करीब 3-4 घंटे के लिए अलग रख दें।

आटे की छोटी गोलियां बनाएं। इसे गोल और मोटा बेल लें। अब इसमें उंगली से बीच में एक छेद कर लें।

अब बेकिंग ट्रे पर इसे रखें और 180 डिग्री सेल्सियस पर 8-10 मिनट के लिए बेक करें। तैयार है बाकरखानी।


## शब्द सामर्थ्य- 92

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 91 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सी |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू-दोकू- 92

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 91 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |